Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding issues of Jammu Parliamentary Constituency.

श्री जुगल किशोर (जम्मू): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में एक बात लाना चाहता हूं। …(व्यवधान) आज जम्मू एक बहुत बड़ा शहर बन गया है और यहां पर मेट्रो की बहुत बड़ी जरूरत है। मेट्रो रेल लाइन का सर्वे भी कम्प्लीट हो चुका है। मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि जम्मू मेट्रो रेल लाइन का जो सर्वे कम्प्लीट हुआ, उसको हरी झंडी देकर वहां पर मेट्रो लाइन बिछाने का काम जल्द-से-जल्द शुरू किया जाए ताकि सांबा-जम्मू और जम्मू से अखनूर तक जितने भी लोग हैं, उनको इन परेशानियों से निजात मिले। जम्मू में मेट्रो रेल लाइन बिछाने की हमारी मांग को सरकार ने मान लिया था, उसका सर्वे भी कम्प्लीट करवा लिया है। अब मैं चाहता हूं कि इस सर्वे के बाद इसका काम जल्द-से-जल्द से शुरू हो ताकि जम्मू में भी मेट्रो रेल लाइन अगले वर्ष तक दौड़ना शुरू करे।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री शरद त्रिपाठी को श्री जुगल किशोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।